Ans. (d) : महाराणा कुंभा ने 1437 ई. में 'सारंगपुर' के युद्ध में मालवा के शासक महमूद खिलजी को हराया। इस विजय के उपलक्ष्य में उन्होंने चित्तौड़गढ़ दुर्ग में 'कीर्ति स्तम्भ' (विजय स्तम्भ) का निर्माण करवाया। अत्रि व महेश ने कीर्ति स्तम्भ की रचना की। यह कीर्ति स्तम्भ जैन तीर्थंकर आदिनाथ को समर्पित है।

186. 'कीर्ति स्तम्भ प्रशस्ति' के रचयिता थे-

(a) सोमदेव (b) जैता
(c) नाथा (d) अभिकवि

उत्तर : (b)

RPSC RAS/RTS 1999-2000

व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

187. वह कौन-सी अभिलेख है जो महाराणा कुम्भा के लेखन पर प्रकाश डालता है?

(a) कुम्भलगढ़ शिलालेख (1460 ई.)
(b) कीर्तिस्तम्भ प्रशस्ति (1460 ई.)
(c) जगन्नाथ राय शिलालेख (1652 ई.)
(d) राज प्रशस्ति (1676 ई.)

उत्तर – (b)

वनरक्षक-2020 Exam 12.11.2022
RPSC RAS/RTS 2008

व्याख्या — कीर्ति स्तम्भ प्रशस्ति 1460 ई. में महाराणा कुम्भा के व्यक्तिगत गुणों - दानगुरु, शैलगुरू आदि का वर्णन मिलता है। इससे हमें कुम्भा द्वारा रचित ग्रंथों का पता चलता है, जिसमें चण्डीशतक, गीत गोविन्द की टीका, संगीत राज आदि मुख्य हैं।

188. मेवाड़ के सिंहासन पर राणा सांगा का राज्याभिषेक कब हुआ था-

(a) 1508 ई. (b) 1509 ई.
(c) 1510 ई. (d) 1511 ई.

ण्दस्र्ज्ीर्रें ईं्र-21.08.2016

Ans. (b) – मेवाड़ के सिंहासन पर राणा सांगा का राज्याभिषेक 1509 ई. में हुआ। राणा सांगा ने 1517 ई. में खतौली के युद्ध में सुल्तान इब्राहीम लोदी को पराजित किया। 1527 ई. में खानवा के युद्ध में बाबर से पराजित हुए। राणा सांगा के पश्चात् राणा रतनसिंह द्वितीय मेवाड़ का शासक बना।

189. महाराणा सांगा ने इब्राहिम लोदी को कौन से युद्ध में पराजित किया?

(a) पानीपत (b) खतौली
(c) नागौर (d) उदयपुर

वनपाल भर्ती परीक्षा 2020 Exam 6.11.2020 Shift-I
RPSC College Lecturer (Sanskrit Education) 2015

Ans. (b) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

190. महाराणा सांगा ने किस युद्ध में बाबर की सेना को हराया?

(a) पानीपत का प्रथम युद्ध (b) घाघरा युद्ध
(c) खानवा युद्ध (d) बयाना युद्ध

कनिष्ठ लिपिक अभियन्ता 18-05-2022

Ans. (d) : प्रसिद्ध सिसौदिया वंशीय राजपूत शासक महाराणा सांगा ने विदेशी आक्रमण का मुकाबला करने हेतु राजपूत शासकों की अधिकांश सेनाओं को समेकित कर बयाना के युद्ध में मुगल सेनापति सगर खाँ को पराजित किया तथा 16 फरवरी, 1527 ई. को महाराजा सांगा ने बयाना किले पर कब्जा कर लिया। इसके उपरान्त 17 मार्च, 1527 ई. में बाबर एवं राणा सांगा के मध्य खानवा का युद्ध हुआ। अतः विकल्प (d) सही है।

191. राजस्थान के इतिहास में 'हिन्दूपत' किस शासक को कहा जाता है?

(a) महाराणा कुम्भा (b) महाराणा सांगा
(c) महाराजा रायसिंह (d) महाराणा राजसिंह

RPSC Kanishta Abhiyanta (Y.V.) 20-05-2022, Shift-II
कनिष्ठ अनुदेशक (फिटर) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (b) : मेवाड़ के शासक महाराणा सांगा 1509–28 ई. को 'हिन्दूपत' के नाम से जाना जाता है क्योंकि वे भारत में हिंदू शासन स्थापित करना चाहते थे। राणा सांगा न केवल एक महान योद्धा थे, बल्कि आक्रमणकारियों से वीरतापूर्वक मुकाबला किया, वे एक दूरदर्शी शासक भी थे, जिनके अधीन कई राजपूत राज्य एकजुट हुए और विदेशियों से लड़े।

192. खानवा के युद्ध में महाराणा संग्राम सिंह की सेना में कौन शामिल नहीं था?

(a) महमूद लोदी (b) हसन खाँ मेवाती
(c) हाकिम खाँ सूर (d) मालदेव राठौड़

RPSC ST-81 G.K. & Horticulture 28-10-2018

Ans. (c) : ''हाकिम खाँ सूर'' शेरशाह सूरी के वंशज थे। वे महाराणा प्रताप की सेना में सेनापति थे। 1576 ई. में हल्दीघाटी की लड़ाई में अकबर के विरूद्ध युद्ध लड़ते हुए उनकी मृत्यु हो गई। खानवा का युद्ध 17 मार्च, 1527 ई. को बाबर और राणा सांगा के मध्य हुआ था। जिसमें बाबर विजयी हुआ। अतः हाकिम खॉ सूर, संग्राम सिंह की सेना शामिल नहीं था।

193. राणा सांगा और बाबर के मध्य खानवा का युद्ध कब लड़ा गया?

(a) 13 मार्च, 1527 (b) 17 मार्च, 1527
(c) 16 फरवरी, 1527 (d) 18 फरवरी, 1527

RPSC OAA-2018 Ag. Deptt (Part-1) 17-10-2022

Ans. (b) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

194. राणा सांगा के द्वारा लड़ी गयी निम्न लड़ाइयों का सही कालक्रम होगाः

1. बयाना की लड़ाई 2. खातौली की लड़ाई
3. गागरोन की लड़ाई

कूट :

(a) 1,2,3 (b) 2,3,1
(c) 3,2,1 (d) 1,3,2

पटवार -2020 (23 अक्टूबर, 2021)

Ans. (b) राणा सांगा द्वारा लड़ी गई लड़ाईयां कालक्रमानुसार निम्नलिखित है।

• **खतौली की लड़ाई-** 1517 ई. में इब्राहिम लोदी एवं राणा सांगा के बीच राणा सांगा विजयी हुए।

• **गागरोन की लड़ाई-**1519 ई. में मालवा के सुल्तान महमूद खिलजी द्वितीय एवं राणा सांगा के बीच राणा सांगा विजयी।

•**बयाना की लड़ाई-**1527 ई. में बाबर एवं राणा सांगा के बीच